# चिप संकट से वाहनों की बिक्री 8 घटी

12/02/2022

**नई दिल्ली।** वाहन उद्योग निकाय सियाम ने कहा कि सेमीकंडक्टर की कमी के कारण उत्पादन प्रभावित होने के चलते कारखानों से डीलरों को यात्री गाड़ियों की आपूर्ति जनवरी में आठ फीसदी घट गई। जनवरी 2022 में कुल यात्री वाहनों की थोक बिक्री 2,54,287 इकाई रह गई जो पिछले वर्ष इसी महीने में 2,76,554 इकाई थी।

सोसाइटी ऑफ इंडियन ऑटोमोबाइल मैन्युफैक्चरर्स ने कहा कि पिछले महीने 1,26,693 यात्री कारों की आपूर्ति हुई जो एक साल पहले 1,53,244 इकाई थी। सियाम के महानिदेशक राजेश मेनन ने कहा, जनवरी 2021 के मुकाबले जनवरी 2022 में बिक्री घट गई।